रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग III—खण्ड 4
PART III—Section 4
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 131] नई दिल्ली, शुक्रवार, मार्च 31, 2017/चैत्र 10, 1939
No. 131] NEW DELHI, FRIDAY, MARCH 31, 2017/CHAITRA 10, 1939

गुरू घासीदास विश्वविद्यालय

[केन्द्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम, 2009 (2009 का 25) द्वारा स्थापित केन्द्रीय विश्वविद्यालय]

अधिसूचना

बिलासपुर, 29 मार्च, 2017

सं. 1072/अकादमी/2017.—केंद्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम, 2009 की धारा 28(2) में प्रदत्त शक्तियों का उपयोग कर कुलपति के द्वारा निर्मित विश्वविद्यालय के निम्नानुसार प्रथम अध्यादेशों को सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदनोपरान्त एतद्द्वारा अधिसूचित किया जाता है :—

v/;kns'k Øekad & 2

v/;;u e.My dk xBu ,oa bldk lnL;ksa dh inkof/k fo"k;d v/;kns'k

[केन्द्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम, 2009 – धारा 23, परिनियम 16(2)]

1. प्रत्येक अध्ययन मण्डल का गठन तीन वर्ष की अवधि के लिए किया जाएगा।
2. अध्ययन मण्डल में निम्नानुसार सदस्य होंगे, यथा :

(i) विभाग के सभी आचार्य पदेन सदस्य होंगे।

(ii) (a) संबंधित विभाग के अध्यक्ष, अध्ययन मण्डल के अध्यक्ष होंगे।

(b) विभाग के अध्यक्ष के उपस्थित नहीं होने की स्थिति में वरिष्ठतम सदस्य बैठक में अध्यक्ष के कार्य का निर्वहन करेंगे।

(iii) एक वरिष्ठतम सह आचार्य एवं एक वरिष्ठतम सहायक आचार्य, चक्रीय अनुक्रम में कुलपति द्वारा नामित, अध्ययन मण्डल के सदस्य होंगे।

(iv) कुलपति द्वारा नामित एक बाह्य विषय विशेषज्ञ सदस्य, जो विश्वविद्यालय से सम्बद्ध न हो।

(v) विश्वविद्यालय के विभाग के शिक्षक की अध्ययन मण्डल की सदस्यता समाप्त हो जायेगी यदि वह संबंधित विभाग का शिक्षक नहीं होगा।

vi) ऐसी अन्य रिक्तियां शेष अवधि के लिए भरी जा सकती है।

3. सभी अध्ययन मण्डलों की बैठक सामान्यतः वर्ष में कम से कम एक बार होगी और अन्य अवसरों पर होगी, जैसा कुलपति द्वारा निर्धारित किया जाय।

4. अध्ययन मण्डल की बैठक की गणपूर्ति सदस्यों की 50% प्रतिशत से होगी।

5. अध्ययन मण्डल के समक्ष विचार हेतु रखे जाने वाले सभी विषयों का निर्धारण उपस्थित सदस्यों के बहुमत से होगा। किसी विषय पर बराबर मत होने की स्थिति में, अध्यक्ष को निर्णायक मत देने का अधिकार होगा।

6. यदि कुलपति की राय में, किसी विषय पर विचार के लिए अध्ययन मण्डल की बैठक आवश्यक या समीचीन नहीं है और यदि वह तय करें कि अध्ययन मण्डल के सदस्यों के बीच वितरण से विषय को समाप्त किया जा सकता है, तो वे इसके लिए आवश्यक निर्देश जारी कर सकते हैं।

v/;kns'k Øekad & 14

HkS"kth Lukrd ¼ch-QkeZ-½ mikf/k ikB~;Øe dh mikf/k iznku djus dk fofu;fer djus dk v/;kns'k

[केन्द्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम 2009 – धारा 28(i)(b)]

;g v/;kns'k 'kS{kf.kd l= 2009&10 ls ykxw gksxkA

1- ikB~;Øe dk uke % भेषजी स्नातक (बी.फार्म)

2- v/;;u'kkyk % प्राकृतिक संसाधन अध्ययनशाला

3- ikB~;Øe dh vof/k % चार वर्ष/8 सेमेस्टर प्रत्येक सेमेस्टर, परीक्षा के दिनों को छोड़कर, न्यूनतम 15 सप्ताह का होगा।

4- LFkku % पीसीआई के मानकों/विश्वविद्यालय के नियमों के अनुसार समय–समय पर स्थानों की कुल संख्या का निर्धारण होगा।

5- 'kqYd % विश्वविद्यालय द्वारा समय –समय पर यथा निर्धारित

6- ikB~;Øe lajpuk % पाठ्यक्रम संरचना विश्वविद्यालय के अध्ययन मण्डल द्वारा अनुमोदित /परिष्कृत की जायेगी।

7- izos'k ds fy, ik=rk %

(ए) भेषजी स्नातक उपाधि प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश के लिए अभ्यर्थी को भौतिकी + रसायनशास्त्र + गणित या जीवविज्ञान विषय में न्यूनतम 50% अंकों के साथ मान्यता प्राप्त हायर सेकण्डरी एजुकेशन बोर्ड से 10+2 की परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए।

(बी) फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया/विश्वविद्यालय के मानकों के अनुसार पीसीआई से मान्यता प्राप्त संस्थान से न्यूनतम कुल 60 प्रतिशत अंकों के साथ भेषजी में डिप्लोमा प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी बी.फार्म सेमेस्टर –III में सीधे प्रवेश के लिए पात्र होंगे।

(सी) विश्वविद्यालय द्वारा समय–समय पर प्रवेश की प्रक्रिया निर्धारित की जायेगी।

8- v/;kiu dk ek/;e % अध्यापन का माध्यम अंग्रेजी होगा।

9- ijh{kk dh ;kstuk %

(ए) परीक्षा की योजना पीसीआई/विश्वविद्यालय के मानकों के अनुसार निर्धारित की जायेगी।

(बी) किसी छात्र को किसी सेमेस्टर की परीक्षा में शामिल होने की अनुमति तब तक नहीं दी जायेगी जब तक उसकी उपस्थिति उस सेमेस्टर के प्रत्येक सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक कक्षाओं में पृथक–पृथक रूप से 75 प्रतिशत न हो।

¼lh½ l=h; dk;Z % प्रत्येक सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक प्रश्न पत्रों में 20 प्रतिशत सत्रीय कार्य के अंक निम्नानुसार आबंटित किये जायेंगे –

(i) सैद्धांतिक परीक्षा : प्रत्येक सेमेस्टर में हर सैद्धांतिक प्रश्न पत्र के लिए दो सत्रीय परीक्षाएं आयोजित की जायेंगी, जिसमें से छात्र द्वारा उत्तरित किसी एक परीक्षा के श्रेष्ठतम अंक को सत्रीय अंक प्रदान करने के लिए उपयोग किया जायेगा।

(ii) प्रायोगिक परीक्षा : दिन प्रतिदिन की उपस्थिति, मौखिकी, प्रायोगिक कार्य अभिलेख के आधार पर अंक प्रदान किये जायेंगे।

किसी भी विषय के सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक परीक्षा के सत्रीय अंकों में समुन्नति का कोई भी प्रावधान नहीं होगा।

¼Mh½ ijh{kk & समय समय पर विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित परीक्षा पद्धति के अनुसार प्रत्येक सेमेस्टर के अंत में सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक प्रश्न पत्र के लिए विश्वविद्यालय एक परीक्षा आयोजित करेगा।

(i) सभी विषयों की परीक्षा में शामिल होने एवं उत्तीर्ण होने वाले अभ्यर्थी अगले समेस्टर में प्रोन्नति के लिए पात्र होंगे। इसके अतिरिक्त अभ्यर्थी जब तक पहले और दूसरे सेमेस्टर की परीक्षा उत्तीर्ण नहीं कर लेता, उसे पांचवे सेमेस्टर की कक्षा में प्रवेश नहीं दिया जायेगा। उसी प्रकार अभ्यर्थी जब तक पहले चार सेमेस्टर की परीक्षाएं उत्तीर्ण नहीं कर लेता, उसे सातवें सेमेस्टर में प्रवेश नहीं दिया जायेगा।

(ii) किसी विषय को उत्तीर्ण करने के लिए केवल तीन लगातार अवसर दिये जायेंगे। इसके अतिरिक्त यदि अभ्यर्थी चार प्रयासों (पहले प्रयास को मिलाकर) में किसी विषय में उत्तीर्ण नहीं होता, तो उसे पढ़ाई जारी रखने की अनुमति नहीं दी जायेगी।

(iii) जो अभ्यर्थी पूर्ण योग का 50 प्रतिशत अंक भी प्राप्त नहीं कर पाते, परंतु सभी विषयों में 40 प्रतिशत अंक प्राप्त करते हैं, वे अगली परीक्षा में अपनी पसंद के अनुसार दो सैद्धांतिक एवं एक प्रायोगिक प्रश्न पत्र में शामिल होने के लिए पात्र होंगे। इसके लिए दो अतिरिक्त प्रयासों से अधिक अवसर नहीं दिये जायेंगे, जिसमें सफल नहीं होने पर अभ्यर्थी को नये शैक्षणिक सत्र प्रारंभ होने पर उसी सेमेस्टर की अगली परीक्षा सभी विषयों में नए छात्र के रूप में देनी होगी और उच्च कक्षा में उसका प्रवेश स्वयमेव निरस्त माना जायेगा।

10- mRrh.kZ gksus dk ekun.M & यदि विद्यार्थी सत्रीय अंकों को मिलाकर प्रत्येक सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक विषय में अलग—अलग न्यूनतम 40 प्रतिशत अंक और प्रत्येक सेमेस्टर में सभी विषयों को मिलाकर कुल 50 प्रतिशत अंक प्राप्त नहीं करता है तो वह बी.फार्म पाठ्यक्रम की प्रत्येक सेमेस्टर परीक्षा में उत्तीर्ण घोषित नहीं किया जायेगा। उत्तीर्ण होने के लिए सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक को अलग—अलग विषय माना जायेगा।

11- J`.kh iznku djuk & सभी आठ सेमेस्टर के कुल प्राप्तांकों के आधार पर श्रेणी प्रदान की जायेगी। परंतु डिप्लोमा इन फार्मेसी की स्थिति में जहां तीसरे सेमेस्टर में सीधे प्रवेश दिया जाता है (पार्श्विक प्रवेशित छात्र), सभी छः समेस्टर (समेस्टर III से VIII) के कुल प्राप्तांकों के आधार पर श्रेणी प्रदान की जायेगी।

(ए) यदि अभ्यर्थी सभी परीक्षाओं को उत्तीर्ण करता है और 50 प्रतिशत से अधिक, किंतु 60 प्रतिशत से कम अंक प्राप्त करता है, तो उसका स्थानन द्वितीय श्रेणी में होगा।

(बी) यदि अभ्यर्थी सभी परीक्षाएं उत्तीर्ण करता है और 60 प्रतिशत या अधिक अंक प्राप्त करता है तो उसका स्थानन प्रथम श्रेणी में होगा।

(सी) यदि अभ्यर्थी बिना किसी कृपांक के सभी परीक्षाएं प्रथम प्रयास में उत्तीर्ण करता है और 75 प्रतिशत या अधिक अंक प्राप्त करता है उसका स्थानन प्रथम श्रेणी, विशेष योग्यता सहित में होगा।

(डी) सभी आठ सेमेस्टर में सब मिलाकर गुणानुक्रम में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी को स्वर्ण पदक प्रदान किया जायेगा, बशर्ते उसने सभी विषयों की परीक्षा कृपांक के बिना प्रथम प्रयास में उत्तीर्ण की हो।

12- mikf/k iznku djuk — गुरू घासीदास विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम का अध्ययन सफलता पूर्वक संपन्न करने पर अभ्यर्थी को बैचलर ऑफ फार्मेसी की उपाधि प्रदान की जायेगी

13- vadksa dh deh ij ekQh &

(ए) अभ्यर्थी प्रत्येक सेमेस्टर में केवल 5 अंकों की माफी का पात्र होगा, जिसका विस्तार उसको श्रेष्ठतम लाभ हेतु प्रति सेमेस्टर दो विषयों के लिए होगा। यह सुविधा विषयों में 40 प्रतिशत से कम अंक प्राप्त होने या वांछित कुल अंकों की आवश्यकता को पूर्ण करने के लिए है, परंतु इसका उपयोग श्रेणी में सुधार के लिए नहीं किया जा सकेगा।

(बी) विश्वविद्यालय के नियमों के अनुसार कुलपति अभ्यर्थी को एक अंक कृपांक के रूप में प्रदान कर सकते हैं।

कोई ऐसा विषय जिसका उल्लेख इस अध्यादेश में नहीं है, उस पर विश्वविद्यालय के प्रावधानों के अनुसार विनियम के माध्यम से विचार किया जायेगा।

v/;kns'k Øekad & 20

f}o"khZ; Hks"kth esa fMIykssek ikB~;Øe dks fofu;fer djus dk v/;kns'k

[केंद्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम 2009, धारा 28 (1)(ब)]

Hks"kth foKku esa fMIykssek ¼Mh- QkekZ½ 'kS{kf.kd l= 2009&2010 ,oa mlds ckn ls izHkkohA

पाठ्यक्रम का शीर्षक — भेषजी में डिप्लोमा

संक्षिप्त नाम — डी. फार्म.

पाठ्यक्रम का प्रकार — एक द्विवर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम

प्रणाली – वार्षिक

डिप्लोमा को प्रदान करना– जो भी नियम एवं विनियम के अनुसार दोनो वर्षों को पास करेगा उसे डिप्लोमा प्रदान किया जायेगा।

1- ikB~;de dh vof/k&

पाठ्यक्रम दो शैक्षणिक सत्र की अवधि का होगा प्रत्येक शैक्षणिक सत्र की विस्तार की अवधि एक सौ अस्सी कार्य दिवस से कम नहीं होगी। इसके साथ 500 घंटे के प्रायोगिक प्रशिक्षण जिसका विस्तार तीन माह से कम नहीं होगा।

2- izos'k grq ik=rk &

जो अभ्यर्थी निम्नलिखित परीक्षाओं को सभी वैकल्पिक विषयों एवं अनिवार्य विषयों (भौतिकी, रसायन, जीव विज्ञान अथवा और गणित तथा अंग्रेजी एक अनिवार्य विषय के रूप में) से उत्तीर्ण नहीं करेगा, उसे भेषजी में डिप्लोमा भाग – 1 में प्रवेश नहीं दिया जायेगा।

(अ) विज्ञान में इंटरमीडियेट परीक्षा; विज्ञान में त्रिवर्षीय उपाधि पाठ्यक्रम का प्रथम वर्ष; विज्ञान में 10 + 2 परीक्षा (अकादमिक धारा);

(ब) पूर्व उपाधि परीक्षा; फार्मेसी कौंसिल ऑफ इंडिया द्वारा अनुमोदित कोई अन्य योग्यता जो कि उपर्युक्त परीक्षा के समकक्ष हो।

भेषजी में डिप्लोमा भाग –1 में अभ्यर्थियों का प्रवेश विश्वविद्यालय के मानकों के अनुसार योग्यता के गुणानुक्रम में होगा।

3& ijh{kk esa lfEefyr gksus grq ik=rk

¼v½ Hks"kth esa fMIyksek Hkkx & I dh ijh{kk esa lfEefyr gksus dh ik=rk : केवल वही अभ्यर्थी जो कि उस अकादमिक संस्थान के प्रमुख, जहां पर उसने भेषजी में डिप्लोमा भाग– I पाठ्यक्रम पूर्ण किया है, से प्रमाण के रूप में प्रमाण पत्र प्रस्तुत करते है कि उन्होंने पाठ्यक्रम नियमित और संतोषजनक रूप से सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक कक्षाओं में पृथक–पृथक से 75 प्रतिशत से कम नहीं उपस्थिति के साथ किया है, भेषजी में डिप्लोमा भाग– I की परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए पात्र होंगे।

¼c½ Hks"kth esa fMIyksek Hkkx & II dh ijh{kk esa lfEefyr gksus dh ik=rk % केवल वही अभ्यर्थी जो कि उस अकादमिक संस्थान के प्रमुख, जहां पर उसने भेषजी में डिप्लोमो भाग– II पाठ्यक्रम पूर्ण किया है, से प्रमाण के रूप में प्रमाण पत्र प्रस्तुत करते है कि उन्होंने पाठ्यक्रम नियमित और संतोषजनक रूप से सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक कक्षाओं में पृथक–पृथक से 75 प्रतिशत से कम नहीं उपस्थिति के साथ किया है, भेषजी में डिप्लोमा भाग– II की परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए पात्र होंगे।

¼4½ lkekU;

¼v½ ikB~;Øe %& भेषजी में डिप्लोमा भाग – I एवं भेषजी में डिप्लोमा भाग – II के पाठ्यक्रम में तालिका – I तथा तालिका – II (संलग्नक –1) में वर्णित विषय समाहित होंगे। प्रत्येक विषय के अध्यापन के लिए कालखंडों की संख्या तालिका I एवं II (संलग्न –1) के कालम 2 तथा 3 में दी गई है।

¼c½ ijh{kk,a %& पाठ्यक्रम के प्रथम वर्ष के छात्रों के मूल्यांकन के लिए भेषजी में डिप्लोमा भाग – I की एक परीक्षा होगी तथा पाठ्यक्रम के द्वितीय वर्ष के छात्रों के मूल्यांकन के लिए भेषजी में डिप्लोमा भाग – II की एक परीक्षा होगी। भेषजी में डिप्लोमा भाग – I अथवा भेषजी में डिप्लोमा भाग – II, जैसा भी हो, के लिए प्रत्येक वर्ष में परीक्षाएं दो बार आयोजित की जावेगी। प्रत्येक वर्ष की प्रथम परीक्षा वार्षिक परीक्षा होगी तथा द्वितीय परीक्षा पूरक परीक्षा होगी। परीक्षाएं लिखित तथा प्रायोगिक (मौखिकी मिलाकर) प्रकृति की होंगी। प्रत्येक भाग के विषयों के लिए अधिकतम अंकों का उल्लेख तालिका – III तथा तालिका – IV (संलग्नक –2) में है।

¼5½ izk;ksfxd izf'k{k.k

Hks"kth esa fMIyksek Hkkx & III

¼,½ izk;ksfxd izf'k{k.k dh le;kof/k vkSj vU; "krsZa &

अभ्यर्थी एक या अधिक निम्नलिखित संस्थानों में प्रायोगिक प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए पात्र होगा, यदि वह भेषजी में डिप्लोमा भाग – II की परीक्षा जिसका संचालन किसी बोर्ड/विश्वविद्यालय अथवा अन्य अनुमोदित परीक्षा निकाय अथवा कोई अन्य पाठ्यक्रम जिसको फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया ने समतुल्य स्वीकार कर लिया हो, में सम्मिलित हुआ हो।

केन्द्र/राज्य सरकार/नगर निगम/केन्द्र सरकार की स्वास्थ्य योजना तथा कर्मचारी राज्य बीमा योजना द्वारा संचालित अस्पताल, चिकित्सालय/औषधालय/ड्रग एण्ड कॉस्मेटिक अधिनियम, 1940 (1940 का 23) के अंतर्गत ड्रग्स एंड कास्मेटिक नियम 1945 के अंतर्गत अनुज्ञप्त भैषजज्ञ, रसायनज्ञ तथा औषधज्ञ उप विनिमय 1 में वर्णित संस्थान प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए पात्र होंगे, बशर्ते कि भैषजिक छात्रों की संख्या जिनको किसी चिकित्सालय, भेषजी, रसायनज्ञ,

औषधज्ञ जो कि ड्रग्स एंड कास्मेटिक अधिनियम, 1940 के अंतर्गत ड्रग्स एंड कास्मेटिक नियम 1945 के अधीन अनुज्ञप्त हो, दो से अधिक नहीं होंगी, जहां पर कार्य में एक भैषजक संलग्न है जिसके अंतर्गत भेषजी छात्र प्रायोगिक प्रशिक्षण प्राप्त कर रहा है। जहां पर एक से अधिक पंजीकृत भैषजज्ञ समान कार्य में संलग्न है वहां प्रत्येक पंजीकृत भैषजज्ञ के लिए एक अतिरिक्त छात्र से अधिक नहीं होगी। उप विनिमय 1 में वर्णित चिकित्सालयों तथा औषधालयों के अतिरिक्त प्रायोगिक प्रशिक्षण देने के उद्देश्य से चिकित्सालयों/औषधालयों को इस विनिमय के संलग्न डी में वर्णित शर्तों को पूरा करने पर फार्मेसी कौंसिल ऑफ इंडिया ने मान्यता प्रदान कर दी हो।

प्रायोगिक प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षु अभिज्ञ होंगे – भेषजी में व्यवसाय से संबंधित विभिन्न अधिनियमों द्वारा वांछित अभिलेखों के संधारण का कार्यकारी ज्ञान तथा सामान्य उपयोग में लाये जाने वाले भैषजिक उपकरणों के परिचालन का व्यावहारिक अनुभव, चिकित्सीय परामर्श का पठन, अनुवादन, प्रतिलिपन (औषधि की मात्रा की जांच को मिलाकर), के चिकित्सीय परामर्श को बताना, सामान्य व्यक्ति को औषधि लेने के तरीके बताना, चिकित्सकीय पदार्थों एवं औषधियों का भण्डारण/प्रायोगिक प्रशिक्षण 150 घंटे से कम नहीं होगा, जिसका विस्तार तीन माह से कम नहीं होगा। इस शर्त के साथ कि 250 घंटे से कम नहीं, वास्तविक चिकित्सकीय सलाह के निष्पादन के लिए दिए गये हों।

¼ch½ i:f'k{k.k i:kjHk gku: l: io: ikyu dh tku: okyh i:fd:;k &

अकादमिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रमुख द्वारा, वर्णित प्रायोगिक प्रशिक्षण प्राप्त करने के पात्र अभ्यर्थियों को "भैषजज्ञ की योग्यता के लिए प्रायोगिक प्रशिक्षण का अनुबंध पत्र" के आवेदन की तीन प्रतियां प्रदान की जाएंगी। अनुबंध पत्र इस विनियम के संलग्न –ई में वर्णित जैसा होगा।

अकादमिक प्रशिक्षण संस्थान का प्रमुख इस अनुबंध पत्र के खंड– I की पूर्ति करेगा। अनुबंध पत्र के खंड – II की पूति प्रशिक्षु करेगा। अनुबंध पत्र के खंड – III की पूर्ति उस संस्थान के प्रमुख द्वारा की जायेगी, जो प्रशिक्षण देने के लिए सहमत हुआ है। (इसके बाद प्रशिक्षण मास्टर के रूप में संदर्भित)।

प्रशिक्षु का यह उत्तरदायित्व होगा कि वह सुनिश्चित करें कि एक प्रति (इसके बाद अनुबंध पत्र की पहली प्रति के रूप में संदर्भित) अकादमिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रमुख तथा अन्य दो प्रतियां (इसके बाद द्वितीय प्रति तथा तृतीय प्रति के रूप में संदर्भित) प्रशिक्षण मास्टर (यदि वह चाहे) अथवा प्रशिक्षु के साथ प्रशिक्षण समापन के बाद जमा करें।

¼lh½ i:f k{k.k vof/k d: l:rk'ktud i:jk dju: ij Hk:'kth e: fMIykek Hkkx III d: mRrh.k dju: dk i:ek.k&i= ½ प्रशिक्षण मास्टर अनुबंध पत्र की द्वितीय एवं तृतीय प्रति के खण्ड चार की पूर्ति करेगा और उसको अकादमिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रमुख को भेजेगा, जो द्वितीय एवं तृतीय प्रति से प्रथम प्रति में उपयुक्त इंद्राज करेगा तथा तीनों प्रतियों के खण्ड V की पूर्ति करेगा तथा इसके बाद दोनों द्वितीय एवं तृतीय प्रति दोनों को प्रशिक्षु को देगा।

इस प्रकार यदि ऐसा सभी मामलों में पूर्ण हो जाता है, तो इसे भेषजी में डिप्लोमा भाग III के सफलतापूर्वक पूर्ण करने का प्रमाण–पत्र माना जाएगा।

6- ifj.kke dk fu/kkj.k

¼,½ ijh{kk i)fr &

तालिका III तथा IV (सलंग्नक–2) में वर्णित प्रत्येक सैद्धांतिक तथा प्रायोगिक परीक्षा तीन घण्टे की होगी। अभ्यर्थी जो कि सैद्धांतिक अथवा प्रायोगिक परीक्षा में अनुत्तीर्ण होता है, वह ऐसी सैद्धांतिक अथवा प्रायोगिक प्रश्न–पत्रों में, जैसा भी हो, पुनः सम्मिलित होगा। प्रायोगिक परीक्षा में मौखिकी परीक्षा भी सम्मिलित है।

¼ch½ l=h; vad inku djuk ,o: vfHky:[kk dk l:/kkj.k &

भेषजी में डिप्लोमा भाग I तथा भेषजी में डिप्लोमा भाग II पाठ्यक्रमों के लिए प्रशिक्षण प्रदान करने वाले संस्थान में आयोजित दोनो सैद्धातिक तथा प्रायोगिक कक्षाओं में तथा परीक्षाओं का नियमित अभिलेख संधारण उस संस्थान में प्रत्येक छात्र के लिए किया जाएगा तथा प्रत्येक सैद्धातिक विषय के लिए 20 अंक एवं प्रत्येक प्रायोगिक विषय के लिए 20 अंक l=h; अंक के रूप में आबंटित होंगे है।

प्रत्येक अकादमिक वर्ष के दौरान न्यूनतम तीन आवधिक सत्रीय परीक्षाएं होंगी। सत्रीय अंको की गणना का आधार किन्हीं दो परीक्षाओं में अधिकतम का योग होगा।

प्रायोगिक परीक्षा में सत्रीय अंको के आबंटन का आधार निम्नानुसर होगा।

सत्रीय परीक्षा में वास्तविक प्रदर्शन – 10

प्रायोगिक कक्षाओं में दिन–प्रतिदिन के कार्य का मूल्यांकन – 10

¼lh½ ijh{kk mRrh.k dju: d: fy;: U;ure vad

कोई छात्र भेषजी में डिप्लोमा परीक्षा में तब तक उत्तीर्ण घोषित नहीं होगा, जब तक कि, वह प्रत्येक विषय में पृथक–पृथक सैद्धातिक परीक्षा, सत्रीय अंक मिलाकर, में न्यूनतम 40 प्रतिशत अंक प्राप्त न कर ले तथा प्रायोगिक परीक्षा, सत्रीय अंक मिलाकर, में न्यूनतम 40 प्रतिशत अंक प्राप्त न कर ले। अभ्यर्थी जो कि भेषजी में डिप्लोमा भाग I अथवा

भेषजी में डिप्लोमा भाग II की परीक्षाएं प्रथम प्रयास में सभी विषयों में कुल योग 60% अंक या उससे अधिक प्राप्त करता है। तो वह भेषजी में डिप्लोमा भाग I अथवा भेषजी में डिप्लोमा भाग II (जैसा हो) परीक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण घोषित किया जायेगा। अभ्यर्थी जो कि उपरोक्त विषयों में 75 प्रतिशत अंक या उससे अधिक प्राप्त करते है, उन्हें उन विषयों में विशेष योग्यता प्रदान की जायेगी, बशर्ते कि सभी विषयों की परीक्षाएं प्रथम प्रयास में उत्तीर्ण की गई हो।

¼Mh½ Hk"kth e fMIykek Hkkx **II** e ikUufr dh ik=rk & भेषजी में डिप्लोमा भाग I के सभी विषयों की परीक्षाओं में सम्मिलित तथा उत्तीर्ण सभी छात्र पात्र होंगे। तथापि दो से अधिक विषयों में (प्रत्येक सैद्धांतिक प्रश्न पत्र अथवा प्रायोगिक परीक्षा एक विषय के रूप में मानी जायेगी) अनुत्तीर्ण छात्र भेषजी में डिप्लोमा भाग II में समुन्नति के लिए अयोग्य होंगे। ऐसे अभ्यर्थी आगामी परीक्षाओं में अनुत्तीर्ण विषयों में पुनः परीक्षा देंगे।

¼b½ l=h; vadk e leUufr & जो छात्र जो सत्रीय अंकों में समुन्नति चाहता है वह अगले अकादमिक वर्ष के दौरान दो अतिरिक्त सत्रीय परीक्षाओं में सम्मिलित होकर कर अंकों में समुन्नति कर सकता है। सैद्धांतिक प्रश्न पत्र में सत्रीय अंकों के समुन्नयन का आधार दो परीक्षाओं में प्राप्तांकों का औसत होगा। प्रायोगिक में सत्रीय अंको का समुन्नयन अतिरिक्त प्रायोगिक परीक्षा में सम्मिलित होकर किया जायेगा। छात्र को प्रदत्त प्रायोगिक कक्षाओं में दिन प्रतिदिन के कार्यों के मूल्यांकन के अंकों का समुन्नयन नहीं किया जा सकेगा, जब तक कि वह पुनः नियमित रूप से पाठ्यक्रम में उपस्थित न हो।

¼,Q½ Hk"kth e fMIykek Hkkx & II dh ijh{kk mRrh.k djus dk iek.k i= & परीक्षा लेने वाले निकाय द्वारा सफल छात्र को भेषजी में डिप्लोमा भाग – II में उत्तीर्ण होने का प्रमाण पत्र जारी किया जायेगा।

¼th½ Hk"kth e fMIykek dk iek.k i= & भेषजी में डिप्लोमा का प्रमाण पत्र सफल छात्रों द्वारा भेषजी में डिप्लोमा भाग – I, भाग –II तथा भाग –III के लिए प्रायोगिक प्रशिक्षण के सफलतापूर्वक पूर्ण करने के प्रमाण पत्र प्रस्तुत किये जाने पर परीक्षा निकाय द्वारा भेषजी में डिप्लोमा का प्रमाण पत्र जारी किया जायेगा।

lyXud &1

rkfydk & **I** Hk"kth e fMIykek ¼Hkkx& **I**½

विषय	सैद्धांतिक		प्रायोगिक	
	घंटे / वर्ष	घंटे / सप्ताह	घंटे / वर्ष	घंटे / सप्ताह
फार्मस्यिूटिक्स – I	75	3	100	4
फार्मास्यूटिकल केमेस्ट्री – I	75	3	75	3
फार्माकोग्नोसी	75	3	75	3
बायोकेमेस्ट्री एवं क्लिनिकल पैथालाजी	50	2	75	3
हयूमन एनाटमी एवं फिजियोलाजी	75	3	50	2
हेल्थ एजुकेशन एवं कम्यूनिटी फार्मेसी	50	2		
	400	16	375	15

rkfydk & **II** Hk"kth e fMIykek ¼Hkkx& **II**½

विषय	सैद्धांतिक		प्रायोगिक	
	घंटे / वर्ष	घंटे / सप्ताह	घंटे / वर्ष	घंटे / सप्ताह
फार्मस्यिूटिक्स – II	75	3	100	4
फार्मास्यूटिकल केमेस्ट्री – II	100	4	75	3
फार्माकोलाजी एवं टैक्सिकोलाजी	75	3	50	2
फार्मास्यूटिकल ज्यूरिसप्रडेंस	50	2		
ड्रग स्टोर एवं बिजनेस मैनेजमेंट	75	3		
हास्पिटल एवं क्लिनिकल फार्मेसी	75	3	50	2
	450	18	275	11

lyXud & 2

Hk"kth e fMIykek grq ijh{kk ;kstuk

(एक अकादमिक सत्र में 180 कार्य दिवस के प्रभावी शिक्षण पर आधारित)

तालिका – III भेषजी में डिप्लोमा (भाग– I) परीक्षा

विषय	सैद्धांतिक में अधिकतम अंक			प्रायोगिक में अधिकतम अंक	
	परीक्षा (मुख्य)	सत्रीय अंक	कुल	परीक्षा	सत्रीय अंक
फार्मस्यिूटिक्स – I	80	20	100	80	20
फार्मास्यूटिकल केमेस्ट्री – I	80	20	100	80	20
फार्माकोग्नोसी	80	20	100	80	20
बायोकेमेस्ट्री एवं क्लिनिकल पैथालाजी	80	20	100	80	20
हयूमन एनाटमी एवं फिजियोलाजी	80	20	100	80	20
हेल्थ एजुकेशन एवं कम्यूनिटी फार्मेसी	80	20	100		
			600		

तालिका – IV भेषजी में डिप्लोमा (भाग– II)

विषय	सैद्धांतिक में अधिकतम अंक			प्रायोगिक में अधिकतम अंक	
	परीक्षा (मुख्य)	सत्रीय अंक	कुल	परीक्षा	सत्रीय अंक
फार्मस्यिूटिक्स – II	80	20	100	80	20
फार्मास्यूटिकल केमेस्ट्री – II	80	20	100	80	20
फार्माकोलाजी एवं टैक्सिकोलाजी	80	20	100	80	20
फार्मास्यूटिकल ज्यूरिस्प्रडेंस	80	20	100		
ड्रग स्टोर एवं बिजनेस मैनेजमेंट	80	20	100		
हास्पिटल एवं क्लिनिकल फार्मेसी	80	20	100	80	20
			600		

ukV %& प्रत्येक प्रश्न–पत्र में कुल छः प्रश्न होंगे जिनमें से पांच के उत्तर देने होगे। कुल प्रश्न–पत्रों में से आधे प्रश्न पत्रों का निर्माण एवं मूल्यांकन बाहय परीक्षकों एवं शेष प्रश्नपत्रों का निर्माण एवं मूल्यांकन आंतरिक परीक्षकों द्वारा किया जायेगा। प्रत्येक प्रायोगिक परीक्षा हेतु एक बाहय एवं एक आंतरिक परीक्षक होंगे।

v/;kns'k Øekd & 22

fo'ofo|ky; e fo|kfFk;k d iz o'k fo'k;d v/;kns'k

(परिसर में नियमित पद्धति के लिए)

(अधिनियम धारा 6 (xviii), 28 (1) (अ))

1. विश्वविद्यालय द्वारा संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु आवेदन पत्र विश्वविद्यालय द्वारा समय–समय पर निर्धारित किया जायेगा।
2. विश्वविद्यालय की विभिन्न अध्यनशालाओं में प्रवेश हेतु आवेदन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि विद्यापरिषद् के द्वारा निर्धारित की जायेगी।

3. विश्वविद्यालय की विभिन्न अध्ययनशालाओं में प्रवेश की अंतिम तिथि प्रत्येक वर्ष विद्यापरिषद् के द्वारा निर्धारित की जायेगी।

4. कोई भी व्यक्ति विश्वविद्यालय में प्रवेश हेतु अर्हता नहीं रखता, जब तक की उसकी आयु जिस वर्ष में प्रवेश चाहता है, के जुलाई माह के प्रथम दिन से पूर्व 16 वर्ष न हो अथवा यदि उसको उपाधि पाठ्यक्रम के द्वितीय वर्ष में विद्यापरिषद् के अनुमोदन से प्रवेश दिया जाता है तो उसकी आयु जिस वर्ष में प्रवेश चाहता है के जुलाई माह के प्रथम दिन से पूर्व 17 वर्ष न हो अथवा यदि वह एम.ए., एम.एससी., एम.कॉम, एलएल.बी. अथवा बी.एड पाठ्यक्रम के प्रथम वर्ष में प्रवेश चाहता है तो उसकी आयु जिस वर्ष में प्रवेश चाहता है के जुलाई माह के प्रथम दिन से पूर्व 19 वर्ष न हो अथवा एम.फिल, पीएच.डी. पाठ्यक्रम में प्रवेश चाहता है तो जिस वर्ष में प्रवेश चाहता है के जुलाई माह के प्रथम दिन से पूर्व उसकी आयु 22 वर्ष न हो गई हो।

5. कोई भी व्यक्ति किसी भी स्नातकोत्तर पाठयक्रम में प्रवेशित नहीं होगा जब तक कि विश्वविद्यालय की अथवा विश्वविद्यालय द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय की स्नातक परीक्षा उतीर्ण न कर ली हो।

6. अकादमिक सत्र के किसी भी पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु छात्रों की संख्या का निर्धारण प्रत्येक वर्ष विद्यापरिषद् द्वारा किया जायेगा।

7. विश्वविद्यालय के स्नातक/स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा (VET) के आधार पर अथवा समकक्ष निकाय द्वारा निर्धारित किसी अन्य माध्यम से प्रवेश दिया जायेगा। प्रवेश परीक्षा के प्रश्न पत्र एवं पाठ्यक्रम सामान्यतः 10 + 2 और स्नातक स्तर का ही होगा।

8. विश्वविद्यालय द्वारा संचालित पाठ्यक्रमों का निर्धारण विद्यापरिषद् के द्वारा समय–समय पर किया जायेगा।

9. डॉक्टर ऑफ फिलासफी की उपाधि के पाठ्यक्रम में प्रवेश, संबंधित अध्यादेश से शासित होगा।

10. जो छात्र निर्धारित योग्यता रखते हैं, उन पर प्रवेश हेतु विचार, शैक्षणिक योग्यता और/अथवा किसी प्रवेश परीक्षा/मौखिकी में अभ्यर्थी के प्रदर्शन के आधार पर किया जायेगा। जैसा प्रत्येक पाठ्यक्रम के लिए निर्धारित होगा।

11. अकादमिक पाठ्यक्रम में विश्वविद्यालय द्वारा संचालित कुल स्थान का 15% अनुसूचित जाति वर्ग के विद्यार्थियों के लिए, 7½ प्रतिशत अनुसूचित जनजाति के लिए और 27% अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों के लिए आरक्षित रहेगा। परंतु विश्वविद्यालय समय–समय पर विद्यापरिषद् की अनुशंसा पर शारीरिक रूप से विकलांग और अन्य अक्षम वर्ग के अभ्यर्थियों के प्रवेश हेतु विशेष प्रावधान भी बना सकेगा। एस.सी/एस.टी. के लिए आरक्षित सभी स्थान जो कि रिक्त रह गये उनको अधिसूचित किया जायेगा तथा उनको योग्यता के गुणानुक्रम में एस.सी./एस.टी. वर्ग के छात्रों जो कि प्रवेश हेतु अन्यथा अर्हता प्राप्त है, से भरा जायेगा। जब तक की सभी अभ्यर्थियों की सूची समाप्त न हो गई हो।

12. कोई भी अभ्यर्थी एक समय में एक से अधिक पाठ्यक्रम में समान्यतः प्रवेशित नहीं होगा।

Vhi & तथापि सांयकालीन स्नातकोत्तर पत्रोपाधि पाठ्यक्रम में प्रवेशित छात्रों को अन्य संस्थानों द्वारा संचालित नियमित पाठ्यक्रमों में अध्ययन हेतु अनुमति प्रदान की जा सकती है। विश्वविद्यालय के नियमित पाठ्यक्रमों में प्रवेशित छात्रों को अन्य संस्थानों द्वारा संचालित अंशकालिक सांयकालीन प्रमाण पत्र/पत्रोपाधि पाठ्यक्रम जिनकी प्रकृति व्यावसायिक हो, में अध्ययन करने हेतु अनुमति प्रदान की जा सकती है। इस उद्देश्य हेतु छात्र को संबंधित अध्ययनशाला के अधिष्ठाता से लिखित अनुमति/अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करना होगा।

13. विश्वविद्यालय की विद्यापरिषद् द्वारा पाठ्यक्रम की अधिकतम और न्यूनतम समयावधि निर्धारित की जायेगी।

14. प्रवेशित कोई भी विद्यार्थी यदि चिकित्सकीय रूप से अक्षम पाया जाता है तो उसका प्रवेश निरस्त कर दिया जायेगा।

15. किसी अन्य महाविद्यालय या अन्य भारतीय विश्वविद्यालय का अध्ययनरत वह अभ्यर्थी जो अपने पाठ्यक्रम का अध्ययन पूरा नहीं कर पाया है, या पाठ्यक्रम का अध्ययन पूरा कर लिया है और परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो पाया हो उसके प्रवेश हेतु विचार किया जा सकता है, यदि स्थान रिक्त हो। इस प्रकार के प्रवेश हेतु प्रवेश प्रक्रिया तत्संबंधी विनियमों में निर्धारित की जायेगी।

16. किसी अध्ययनशाला के पाठ्यक्रम में अभ्यर्थी को तभी प्रवेशित किया जायेगा जबकि उसने विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित नामांकन शुल्क भुगतान कर दिया हो और उस छात्र का विश्वविद्यालय में नामांकन हो गया हो। तथापि उसको बगैर नामांकन के अस्थायी रूप से किसी अध्ययन के पाठ्यक्रम में प्रवेशित किया जा सकता है। ऐसे सभी अभ्यर्थियों को विद्यापरिषद् द्वारा निर्धारित समयावधि के भीतर नामांकन कराना होगा।

17. किसी अन्य अध्यादेश में कुछ भी होते हुए भी कोई भी व्यक्ति जिसको नैतिक अधमता संबंधित अपराध में दंड़ित किया गया हो, किसी भी अध्ययन के पाठ्यक्रम में प्रवेशित नहीं होगा अथवा उसे विश्वविद्यालय की किसी भी परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति प्रदान नहीं की जायेगी। जब तक कि उसके दण्ड की अवधि समाप्त होने की तिथि से दो वर्ष की समयावधि पूर्ण न हो गई हो।

18. (अ) विश्वविद्यालय का कोई भी विद्यार्थी यदि विश्वविद्यालय की किसी परीक्षा में अनुत्तीर्ण हो जाता है तो उसे विश्वविद्यालय के विभागाध्यक्ष के स्वविवेक के आधार पर उसी कक्षा के पाठ्यक्रम में पंजीयन हेतु निर्धारित

समयावधि के भीतर पुनः प्रवेशित किया जा सकता है। इसके लिये विद्यार्थी से कोई भी नामांकन शुल्क नहीं लिया जायेगा।

(ब) यदि किसी विद्यार्थी का नाम उसके विभाग के उपस्थिति पंजी से काट दिया जाता है तो उसका पुनः प्रवेश उसको उसी कक्षा में तथा उसी अकादमिक सत्र में विभागाध्यक्ष के विवेकाधीन पुनः प्रवेशित किया जा सकेगा अथवा आगामी वर्षों में यदि पुनः प्रवेश चाहा गया है तो पंजीयन की समयावधि के भीतर विभागाध्यक्ष के विवेकाधीन पुनः प्रवेशित किया जायेगा। इसके लिये विद्यार्थी से कोई भी नामांकन शुल्क नहीं लिया जायेगा।

19. यदि किसी भी समय यह पाया गया कि अभ्यर्थी ने प्रवेश प्राप्त करने हेतु मिथ्या अथवा गलत कथन अथवा अन्य कपटपूर्ण माध्यमों का उपयोग किया है, तो उसका नाम विश्वविद्यालय की उपस्थिति पंजी में से हटा लिया जायेगा।

v/;kn'k Øekad & 23

fo'ofo|ky; d fo|kfFk;k }kjk n; 'kYd fo"k;d v/;kn'k

[केंद्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम, 2009 –धारा 28 (1)(ई)]

1. विश्वविद्यालय की कार्य परिषद समय–समय पर विद्या परिषद की अनुशंसाओं पर विद्यार्थियों द्वारा देय शुल्क का निर्धारण करेगी।
2. अध्ययन के विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्राप्त विद्यार्थी निर्धारित शुल्क का भुगतान करेंगे।

3- n; frfFk rFkk Hkxrku dk :Ik &

(i) विश्वविद्यालय द्वारा समय–समय पर निर्धारित शुल्क विद्यार्थियों द्वारा जमा किया जायेगा।

(ii) शुल्क का भुगतान विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित अंतिम तिथि या उसके पूर्व ही किया जायेगा।

4- 'kYd Hkxrku e foyc vFkok ckdhnkjh %

1. किसी विद्यार्थी द्वारा समय पर शुल्क जमा न करने की स्थिति में निम्नानुसार विलंब शुल्क लिया जायेगा –

   (i) अंतिम तिथि के पश्चात प्रथम दस दिन के भीतर – शुल्क का 15 प्रतिशत

   (ii) आगामी 10 दिन के भीतर शुल्क जमा करने पर – शुल्क का 25 प्रतिशत

   (iii) उसके पश्चात विश्वविद्यालय द्वारा धोषित विलंब शुल्क के साथ शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि तक – शुल्क का 50 प्रतिशत देय।

2. यदि किसी विद्यार्थी द्वारा पर्याप्त करणों का उल्लेख करते हुए विलंब से शुल्क जमा करने हेतु लिखित आवेदन किया जाता है तो ऐसी स्थिति में संबंधित अध्ययनशाला के अधिष्ठाता की अनुशंसा पर, विशेष प्रकरण में, कुलपति या उनके द्वारा अधिकृत कोई अन्य अधिकारी अपनी ओर से शुल्क जमा करने की किसी भी शर्त में शिथिलता प्रदान कर सकता है। ऐसे आवेदन निर्धारित अंतिम तिथि से पर्याप्त समय पूर्व किये जाने चाहिए, जिससे कि निर्णय लिया जा सके।

3. शुल्क जमा न करने वाले विद्यार्थियों की सूची सूचना पटल पर चस्पा कर दी जायेगी। उनके नाम विश्वविद्यालय की उपस्थिति पंजी से हटा दिये जाएंगे।

4. ऐसा विद्यार्थी जिसका नाम विश्वविद्यालय उपस्थिति पंजी से हटाया जा चुका है, संबंधित अध्ययनशाला के अधिष्ठाता की अनुशंसा से, पूर्व में बकाया समस्त शुल्क के पूर्ण भुगतान तथा अन्य देय को विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित पुनः प्रवेश शुल्क के साथ जमा कर देने पर फिर से प्रवेश ले सकता है। तथापि ऐसे पुनः प्रवेश विद्यार्थी द्वारा न्यूनतम उपस्थिति की शर्त पूरा कर सकने की स्थिति में उसी सेमेस्टर एवं विषय में होंगे।

5- nf"V ckf/kr Nk=k d fy; NV%&

दृष्टि बाधित छात्रों को सभी शिक्षण शुल्क जमा करने से छूट रहेगी ।

6- 'kYd e NV%

(1) अध्ययनशाला के अधिष्ठाता निम्नानुसार गठित समिति की अनुशंसा पर विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा निर्धारित प्रतिशतता तक शुल्क मुक्ति प्रदान कर सकेंगे–

(i) अधिष्ठाता – अध्यक्ष

(ii) कुलपति द्वारा नामित तीन विभागों के अध्यक्ष

(iii) कुलपति द्वारा नामित विभाग के तीन छात्र

(2) यदि शुल्क मुक्ति के लिए आवेदकों की संख्या उपलब्ध शुल्क मुक्ति की संख्या से अधिक हो तो उपर्युक्त उपकंडिका (i) में वर्णित समिति कुछ आवेदकों को अर्द्धशुल्क मुक्ति की अनुशंसा कर सकती है। इस प्रकार की सभी शुल्क मुक्ति निर्धारित प्रतिशतता से अधिक नहीं होगी।

(3) शुल्क में छूट संबंधी आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में भरकर विभागाध्यक्ष के माध्यम से दिनांक 31 अगस्त अथवा अधिष्ठाता द्वारा घोषित किसी अन्य तिथि तक संबंधित अध्ययनशाला के अधिष्ठाता के पास जमा किया जायेगा। निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों पर सामान्यतः विचार नहीं किया जायेगा।

(4) विद्यार्थी के शुल्क में मुक्ति प्रदान करने संबंधी आवेदन पर अनुशंसा करते समय निम्नलिखित बिंदुओं को ध्यान में रखा जायेगा –

(i) विद्यार्थी का शैक्षणिक रिकार्ड;

(ii) शुल्क–मुक्ति के नवीनीकरण की स्थिति में विद्यार्थी की शैक्षिक प्रगति;

(iii) विद्यार्थी की आर्थिक स्थिति; एवं

(iv) अन्य कारण जिसको भी अंकित किया जायेगा।

ऐसे छात्र जिन्हें शुल्क मुक्ति की सुविधा प्रदान की गई हो, सामान्यतः उनकी सूची 30 सितंबर तक अधिसूचित होगी।

5. किसी सत्र के दौरान की गयी शुल्क मुक्ति स्वयमेव आगामी वर्ष में नवीनीकृत नहीं होगी। विद्यार्थी जिनको इस सुविधा की आवश्यकता है उन्हें प्रत्येक वर्ष पुनः आवेदन करना होगा, जिस पर विचार उस सत्र में प्राप्त नवीन आवेदनों के साथ होगा।

6. शुल्क मुक्ति प्राप्त विद्यार्थी का आचरण या शैक्षिक प्रगति असंतोषजनक पाये जाने या उसकी आर्थिक स्थिति में सुधार पाये जाने पर एवं भविष्य में शुल्क मुक्ति की आवश्यकता न पाये जाने की स्थिति में उस विद्यार्थी की शुल्क मुक्ति निरस्त की जा सकती है।

7. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति /विस्थापित कश्मीरी एवं अन्य वर्ग को शुल्क संबंधी छूट के लिए भारत सरकार दिशा निर्देश लागू होंगे।

7- 'kYd okilh] lqj{kk fuf/k vkfn %&

1. किसी भी विद्यार्थी की सुरक्षा निधि, विद्यार्थी द्वारा समस्त बकाया, अर्थदण्ड एवं अन्य देन दारियां चुकता करने पर तथा विश्वविद्यालय छोड़े जाते समय आवेदन करने पर उसे वापस कर दी जायेगी।

2. यदि किसी विद्यार्थी द्वारा विश्वविद्यालय छोड़ने के एक वर्ष के भीतर सुरक्षा निधि की वापसी हेतु आवेदन नहीं किया गया तो विद्यार्थी की सुरक्षा निधि को ''विद्यार्थी सहायता कोष'' में दान दिया गया मान लिया जायेगा।

%Li"Vhdj.k & किसी भी विद्यार्थी के लिए एक वर्ष की गणना विद्यार्थी द्वारा दी गई अंतिम परीक्षा के परिणाम घोषित होने की तिथि अथवा उपस्थिति पंजी में से उसका नाम हटाये जाने की तिथि से की जायेगी।

3. यदि कोई विद्यार्थी फीस जमा करने के बाद प्रवेश निरस्त कराना चाहता है तो उसे एक महीने का शिक्षण शुल्क, प्रवेश शुल्क एवं पंजीयन शुल्क की कटौती कर अन्य समस्त जमा राशि वापस कर दी जायेगी बशर्ते उसके द्वारा संबंधित अकादमिक सत्र के आरंभ होने के 5 स्पष्ट दिवस पूर्व या प्रवेश समाप्त होने के 5 स्पष्ट दिवस के भीतर अध्ययनशाला अधिष्ठाता को फीस वापसी हेतु आवेदन प्राप्त हो गया हो। विनियामक निकायों यथा एआईसीटीई/एन.सी.टी.ई से मान्यता प्राप्त पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्राप्त छात्रों की फीस वापसी उन निकायों के समय समय पर निर्गत दिशानिर्देशों के अनुसार की जायेगी ।

4. शुल्क जमा करने के उपरांत भी विश्वविद्यालय में अध्ययन प्रारंभ न करने की स्थिति में विद्यार्थी द्वारा शुल्क वापसी का आवेदन किये जाने पर उसे मात्र क्रीड़ा शुल्क एवं सुरक्षा निधि ही वापस की जायेगी, बशर्ते संबंधित अकादमिक सत्र आरंभ होने के 15 दिवस के भीतर संबंधित अध्ययनशाला के अधिष्ठाता को आवेदन प्राप्त हो गया हो।

5. संबंधित अकादमिक सत्र के आरंभ होने के 15 दिन के बाद आवेदन करने पर विद्यार्थी मात्र सुरक्षा निधि प्राप्त करने का ही पात्र होगा।

6. यदि किसी विद्यार्थी पर विश्वविद्यालय का बकाया, यथा विश्वविद्यालय की संपत्ति को किसी प्रकार की क्षति पहुंचाने की राशि, साथ ही शेष शिक्षण शुल्क एवं किसी भी प्रकार का अर्थदण्ड, होने पर उसकी सुरक्षा निधि से इसकी कटौती की जायेगी।

8 - fo'ofo|ky; dh fofHkUu ijh{kkvksa gsrq 'kYd fuEukuqlkj gksxk &

Lनातक/स्नातकोत्तर – विश्वविद्यालय द्वारा यथा निर्धारित

9- किसी भी विद्यार्थी द्वारा उसकी देनदारियां चुकता न करने पर एवं परीक्षा शुल्क न देने

की स्थिति में उसे प्रवेश पत्र नहीं दिया जायेगा या परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं प्रदान की जायेगी।

10- ijh{kk ifj.kke d iqueY;kdu dk 'kYd %

परीक्षा परिणाम के पुनर्मूल्यांकन हेतु शुल्क, सेमेस्टर की अंतिम परीक्षा के समय विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित किया जायेगा। बशर्तें कि यदि विश्वविद्यालय द्वारा जारी परीक्षा के परिणाम में पुनर्मूल्यांकन के दौरान कोई त्रुटि या कमी पायी जाती है तो विद्यार्थी को परीक्षा परिणाम के पुनर्मूल्यांकन का शुल्क वापस कर दिया जायेगा।

11- vd lph ink; 'kYd &

(1) प्रत्येक विद्यार्थी द्वारा परीक्षा शुल्क के साथ—साथ विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित प्रत्येक परीक्षा हेतु अंक सूची शुल्क भी देय होगा।

(2) विद्यार्थियों को उनकी अंक सूची संबंधित विभाग के विभागाध्यक्ष के माध्यम से प्रदान की जायेगी।

(3) अंकसूची की द्वितीय प्रतिलिपि विश्वविद्यालय द्वारा प्रत्येक अंकसूची के लिए निर्धारित शुल्क जमा करने पर ही प्रदान की जायेगी।

12- LFkkukarj.k iek.k i=] vLFkk;h mikf/k iek.k i= ,o vU; iek.k i= iznku djus gr 'kYd %&

(1) स्थानांतरण प्रमाण पत्र/अस्थायी उपाधि प्रमाण पत्र एवं अन्य प्रमाण पत्र व इनकी द्वितीय प्रतिलिपि प्रदाय करने हेतु निम्नानुसार शुल्क होगा :—

(a) स्थानांतरण प्रमाण पत्र स्थानांतरण प्रमाण पत्र की द्वितीय प्रति (b) विश्वविद्यालय की किसी परीक्षा में उत्तीर्ण होने का अस्थायी उपाधि प्रमाण पत्र उपर्युक्त का द्वितीय प्रतिलिपि (c) उपाधि प्रमाण पत्र (वैयक्तिक) उपाधि प्रमाण पत्र(डाक द्वारा) उपाधि प्रमाण पत्र की द्वितीय प्रतिलिपि (एफ आई आर प्रस्तुत किये जाने पर) (d) प्रामाणिक छात्र होने का प्रमाण पत्र (e) अन्य प्रमाण पत्र (f) अन्य प्रमाण पत्रों की द्वितीय प्रतिलिपि	विश्वविद्यालय द्वारा यथा निर्धारित

2. छात्र या अभ्यर्थी, जो विश्वविद्यालय पंजी में मूल रूप सें अंकित अपने नाम में कुछ जुड़वाना चाहते है या किसी तरह का परिवर्तन चाहते हैं तो उनके द्वारा इस हेतु विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित शुल्क देय होगा। उनके मूल नाम में यह योग या परिवर्तन विद्यार्थी द्वारा आवश्यक औपचारिकताओं को पूरा करने के बाद विश्वविद्यालय नामांकन पंजी में उपनाम के रूप में अंकित किया जायेगा।

3. किसी विद्यार्थी द्वारा विश्वविद्यालय पंजी में दर्ज जन्म तिथि में परिवर्तन का आवेदन करने पर उसे इस हेतु विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित शुल्क जमा करना होगा। सक्षम अधिकारी की अनुमति के बिना जन्म तिथि में कोई परिवर्तन नहीं होगा।

v/;kns'k Øekd &27

v/;;u'kkykvks d vf/k"Bkrkvks d dk;k dk v/;kns'k

[केन्द्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम 2009 — परिनियम 5 (3)]

अध्ययनशाला का अधिष्ठाता, अध्ययनशाला का प्रधान होगा और वह अध्ययनशाला में शिक्षण तथा शोध, के संचालन तथा मानकों के अनुरक्षण के लिए उत्तरदायी होगा। वह बोर्ड ऑफ स्कूल का अध्यक्ष एवं संयोजक होगा।

1. अधिष्ठाता की शक्तियां एवं कार्य निम्नलिखित होंगीः—

(अ) अध्ययनशाला में शिक्षण एवं शोध कार्य का संचालन एवं अनुरक्षण;

(ब) अन्तरानुशासनिक शिक्षण एवं शोध के उन्नयन हेतु कदम उठाना, जहां कहीं भी आवश्यक हो;

(स) सत्रीय कार्यो के मूल्यांकन और व्याख्यानों, ट्यूटोरियल्स, संगोष्ठियों अथवा प्रायोगिक कार्यो में विद्यार्थियों की उपस्थिति के अभिलेख को संधारित करना, जहां इनको निर्धारित किया गया हो;

(द) अध्ययनशालाओं और विद्या परिषद द्वारा यथा निर्देशानुसार अध्ययनशालाओं के विद्यार्थियों के लिए विश्वविद्यालयीन परीक्षाओं की व्यवस्था करना;

(ई) अध्ययनशाला के निर्णयों एवं अनुशंसाओं को प्रभाव देने हेतु कदम उठाना; तथा

(फ) विद्या परिषद, कार्य परिषद अथवा कुलपति द्वारा यथा प्रदत्त अन्य कर्तव्यों का निष्पादन करना।

v/;kns'k Øekad &28

foHkkxksa ds v/;{kksa ds dr0;ksa dk v/;kns'k

[केन्द्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम 2009 – धारा 28(1)(0)]

विभाग का अध्यक्ष विभाग की बैठकों का संयोजन एवं उसकी अध्यक्षता करेगा तथा अधिष्ठाता के व्यापक पर्यवेक्षण में रहेगा।

(अ) विभाग में शिक्षण एवं शोध–कार्य की व्यवस्था करेगा;

(ब) संबंधित नियामक निकाय के मानकों के अनुसार शिक्षण कार्य भार के आबंटन के अनुरूप समय सारणी तैयार करेगा;

(स) कक्षाओं एवं प्रयोगशालाओं में शिक्षकों के माध्यम से अनुशासन को बनाये रखेगा;

(द) विभाग के सुचारू संचालन के लिए जैसा आवश्यक हो, विभाग के शिक्षकों को कर्तव्य प्रदान करेगा तथा कार्यों को प्रदान करेगा;

(ई) अधिष्ठाता, संबंधित बोर्ड ऑफ स्कूल, विद्या परिषद, कार्य परिषद् और कुलपति द्वारा प्रदत्त अन्य कार्यों का निष्पादन करेगा;

(फ) विभागीय समिति की अनुशंसा पर विभाग के शैक्षणिक संचालन की व्यापक व्यवस्था के लिए जैसा उचित हो योजना आरंभ करना एवं अन्य शैक्षणिक प्रस्ताव देगा; तथा

(ज) विभाग में गैर–शैक्षणिक/तकनीकी कर्मचारियों पर भी नियंत्रण रखना एवं विभागीय कार्यों का विनियमन करेगा।

v/;kns'k Øekad &29

ijh{kdksa vkSj vuq'kks/kdksa dh fu;qfDr fo"k;d v/;kns'k

[केन्द्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम्, 2009 – धारा 28 (1) (g) परिनियम 12(2) (xiv)]

1. सभी परीक्षाओं के लिए, पीएच. डी. की उपाधि को छोड़कर, परीक्षकों एवं अनुशोधकों की सूची अध्ययन मण्डल द्वारा तैयार की जाएगी और उसे संबंधित अध्ययनशाला/अध्ययन मण्डल के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। अध्ययनशाला/अध्ययन मण्डल द्वारा सूची का संवीक्षण किया जायेगा और उसे कार्य परिषद् के पास विद्या परिषद के परामर्श के साथ अनुमोदन के लिए भेजा जाएगा। अध्ययनशाला मण्डल, यू.जी.सी./ए आई यू या अन्य किसी भी प्रामाणिक स्त्रोत से उपलब्ध विशेषज्ञों की सूची से परीक्षकों के नाम जोड़ सकता है।

2. पीएच.डी. उपाधि के लिए परीक्षकों की नियुक्ति, संबंधित अध्ययनशाला के अध्ययनशाला मण्डल की अनुशंसा पर विद्या परिषद के परामर्श के साथ, कार्य परिषद् द्वारा की जायेगी।

3. विश्वविद्यालय द्वारा संचालित पाठ्यक्रमों के प्रत्येक विषय में परीक्षाओं के प्रश्न–पत्रों का अनुशोधन निम्नानुसार एक समिति द्वारा किया जायेगा :–

   (अ) संबंधित विभाग के अध्यक्ष, और

   (ब) कुलपति द्वारा नियुक्त एक से कम नहीं और दो से अधिक नहीं, ऐसे व्यक्ति जिनकी इस हेतु विषय में विशेषज्ञता हो।

4. प्रश्न–पत्रों का अनुशोधन समय–समय पर अधिसूचित विनियमों के अनुसार किया जायेगा।

5. यदि प्रश्न–पत्र के आधे से अधिक का अनुशोधकों की समिति द्वारा परिवर्तन किया जाता है, तो समिति के संयोजक की अनुशंसा पर कुलपति प्राश्निक के विरूद्ध जैसा उचित समझे, उपयुक्त कार्यवाही प्रारंभ कर सकते है, तथापि, अनुशोधन समिति 50 प्रतिशत से अधिक प्रश्नों के बदलने का कारण प्रस्तुत करेगी।

v/;kn'k Øekd & 30

v/;rkofRr] 'kk/kofRr] Nk=ofRr] Lo.kind rFkk iqjLdkj inku djus lca/kh LFkk;h fuf/k ds Lohdfr dk 'kkflr djus okyh 'krksa fo"k;d v/;kn'k

(केन्द्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम, 2009 – धारा 28 (1) (f))

1. विश्वविद्यालय स्वर्णपदक / पुरस्कार / अध्येतावृत्ति / शोधवृत्ति / छात्रवृत्ति, के स्थापन के लिए स्थायी निधि स्वीकार कर सकेगा, जो कि विश्वविद्यालय के संबंधित पाठ्यक्रम / प्रश्न पत्र के सभी छात्रों को प्रदान न किया जाता हो और जाति, पंथ, समुदाय, धर्म तथा क्षेत्र के भेदभाव के बिना दिया जाता हो।
2. विश्वविद्यालय ऐसी कोई भी स्थायी निधि स्वीकार नहीं करेगा, जिसकी राशि पुरस्कार एवं शोध छात्रवृत्ति के लिए रूपये 10,00,000 / –, स्वर्णपदक के लिए रूपये 10,00,000 / –, स्थायी निधि व्याख्यान के लिए रूपये 10,00,000 / – तथा चेयर के निर्माण के लिए रूपये 20,00,000 / – से कम हो।
3. कोई भी स्थायी निधि कार्य परिषद द्वारा स्वीकार किये बिना स्थापित नहीं की जायेगी।
4. जहां स्वर्णपदक के निर्माण के लिए स्थायी निधि राशि पर प्राप्त ब्याज राशि पर्याप्त नहीं हो तो, विश्वविद्यालय के पास विवेकाधिकार होगा कि स्वर्णपदक के स्थान पर पुरस्कार प्रदान करे। तथापि, इस तरीके के नगद पुरस्कार प्रदान करने से पहले विश्वविद्यालय दानदाता, जहां यह संभव हो, से निवेदन करेगा कि क्या वे अतिरिक्त राशि दान देने के लिए सहमत हैं, जिससे कि विश्वविद्यालय उस राशि में, जिसके लिए स्वर्णपदक स्थापित किया गया है, को संपूरित कर सके।

वसीयत, दान तथा स्थायी निधि के सभी प्रस्तावों, जिनका प्रबंधन विश्वविद्यालय में निहित हो, को इस शर्त के साथ स्वीकार किया जा सकता है, कि, उससे प्राप्त वार्षिक आय में से 5 प्रतिशत की कटौती की जायेगी, जिसको प्रत्येक वित्तीय वर्ष के आरंभ में स्थायी निधि राशि में जोड़ दिया जायेगा।

v/;kn'k Øekd & 31

mikf/k inku djus ;k vU; i;kstuks ds fy, fo'ofo|ky; ds nh{kkar lekjksg fo'k;d v/;kns'k

(अधिनियम, धारा 28 (1) (0), परिनियम 29)

1. उपाधि प्रदान करने हेतु दीक्षांत समारोह प्रतिवर्ष बिलासपुर में कुलाधिपति द्वारा निश्चित तिथि पर आयोजित होगा।

   परन्तु, यदि किसी वर्ष दीक्षांत समारोह आयोजित नहीं हो, तो कुलपति उस वर्ष के उत्तीर्ण छात्रों को संबंधित उपाधि अनुपस्थिति में प्रदान करने के लिए सक्षम रूप से अधिकृत होंगे तथा निर्धारित शुल्क के भुगतान के बाद उपाधि प्रमाण–पत्र निर्गत किये जाने के लिए कुलसचिव को अधिकृत करेंगे।
2. कुलपति की अनुशंसा पर उपाधि प्रदान करने के लिए विशेष दीक्षांत समारोह कुलाधिपति द्वारा निश्चित तिथि पर आयोजित किया जा सकेगा।
3. वार्षिक दीक्षांत समारोह मे कुलपति विश्वविद्यालय में वर्ष भर के कार्यों का प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगें।
4. दीक्षांत समारोह में पालन की जाने वाली प्रक्रिया विनियम द्वारा निर्धारित की जायेगी।

प्रोफेसर बी. एन. तिवारी, कुल सचिव

[विज्ञापन III/4/असा./501/16]

GURU GHASIDAS VISHWAVIDYALAYA

(A Central University established by the Central University Act, 2009, No. 25 of 2009)

NOTIFICATION

Bilaspur, the 29th March, 2017

No. 1072 /Academic/2017.—In exercise of the powers vested under Section 28 (2) of the Central Universities Act 2009, the Vice-Chancellor had made the following first Ordinances and are hereby notified, after approval of the competent authority:—

Ordinance No. 02

ORDINANCE OF THE CONSTITUTION OF THE BOARD OF STUDIES AND THE TERM OF OFFICE OF ITS MEMBERS

[Central University Act. 2009 – Section 23, Statute 16(2)]

1. Each Board of Studies shall be constituted for a period of three years.
2. The Board of Studies shall consist of the following members namely:

i. All the Professors of the Department shall be ex-officio members.

ii. a) The Head of the Department concerned shall be the Chairman of such Board of Studies.

b) In case Head of the Department is not present the senior-most member shall officiate as the Chairman in the meeting.

iii. A senior most Associate Professor and a Senior most Assistant Professor by rotation shall be a member of Board of Studies nominated by the Vice-Chancellor.

iv. One external expert member of the subject not connected with the University shall be nominated by the Vice-Chancellor.

v. A Teacher of a the University Department shall cease to be a member if he ceases to be a teacher of the concerned Department.

vi. Any such vacancy may be filled for the remaining period.

3. All Board of Studies shall ordinarily meet at least once a year and on such occasions as may be determined by the Vice-Chancellor.

4. The quorum for the Board of Studies Meetings shall be 50% of the members.

5. All matters before the Board of Studies for the consideration shall be decided by the majority of members present. In caseof equal vote on any issue, the Chairman shall have a casting vote.

6. If in the opinion of the Vice-Chancellor, it is not necessary or expedient to convene a meeting of the Board of Studies toconsider any item and if he considers that a matter could be disposed off by circulation among the members of Board ofStudies he may issue necessary instructions to that effect.

Ordinance No. 14

Ordinance for Governing the award for the Degree of Bachelor of Pharmacy (B. Pharm.) Degree Course

[Central Universities Act, 2009- Section 28(1)(b)]

This Ordinance shall be applicable from the academic session 2009-10.

1. **Title of the course:** Bachelor of Pharmacy (B.Pharm)

2. **Faculty:** Faculty of Natural Resources

3. **Duration of course:** Four years / 8 semesters. Each semester shall consist of minimum15 weeks excluding the days spent in the examinations.

4. **Seats**: Total number of seats shall be determined as per the norms of PCI/University rules from time to time.

5. **Fees:** As decided by the University from time to time.

6. **Course Structure:** The course structure shall be approved/modified by the Board of Studies of the University.

